<u>गृह विज्ञान विभाग</u>

05 दिवसीय कार्यशाला एवं प्रयोगात्मक परीक्षा

दिनाँक 28 जुलाई 2026 से 01 अगस्त 2026

स्थान: उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय , हल्द्वानी

महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश :

1. यह कार्यशाला एम०ए० (गृह विज्ञान) के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर (मेन व बैक) के सभी शिक्षार्थियों के लिए है।

2. गृह विज्ञान विभाग, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा द्वारा **05 दिवसीय कार्यशाला एवं प्रयोगात्मक परीक्षा ऑफलाइन माध्यम में दिनाँक 28 जुलाई से 1 अगस्त 2026 के** मध्य विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी में आयोजित की जा रही है। इसमें एम०ए० गृह विज्ञान के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के शिक्षार्थियों को प्रतिभाग करना अनिवार्य है।

3. कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले शिक्षार्थियों को अपने आवास, भोजन आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के हल्द्वानी परिसर में केवल विद्यार्थियों रहने की व्यवस्था की जा सकती है जिसके लिए दिनांक 15 जुलाई 2026 तक सूचित करना होगा। अगर विद्यार्थी विश्वविद्यालय परिसर में रह रहा हैं तो वहाँ के नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। शिक्षार्थी के लिए यह आवश्यक नहीं है कि वह कार्यशाला स्थल में रहे, शिक्षार्थी द्वारा बाहर से आकर भी कार्यशाला में प्रतिभाग किया जा सकता है।

4. कार्यशाला के लिए शिक्षार्थियों को जो भी सामग्री लानी होंगी इसके सम्बन्ध में उन्हें WhatsApp group के माध्यम से पृथक से सूचित किया जाएगा।

5. कार्यशाला के दौरान शिक्षार्थियों को निर्धारित समयानुसार विषय संबन्धित प्रत्येक सत्र में प्रतिभाग करना आवश्यक है। शिक्षार्थी कार्यशाला में अपनी पूर्ण जिम्मेदारी एवं अनुशासन से रहना सुनिश्चित करेंगे। विश्वविद्यालय के शिक्षकगणों, विषय विशेषज्ञों तथा कार्मिकों के साथ किसी भी प्रकार का अवांछनीय व्यवहार करना अनुशासनहीनता है और यदि कार्यशाला के दौरान कोई भी शिक्षार्थी अनुशासनहीनता में लिप्त पाया जाएगा तो विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी द्वारा उसे कार्यशाला से वंचित कर दिया जाएगा।

6. शिक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि कार्यशाला में प्रतिभाग के दौरान शिक्षार्थी अपने साथ सम्बंधित लैब मैन्युअल अवश्य लेकर आए।

7. बैक के वही विद्यार्थी कार्यशाला में प्रतिभाग करेंगें जिन्होने ऑनलाइन (Online) माध्यम से बैंक का फार्म भरा है। बिना बैक फार्म भरे विद्यार्थी को कार्यशाला में प्रतिभाग नही कराया जायेगा। बिना बैक फार्म भरे प्रयोगात्मक परीक्षा के नम्बर जोड़ने की प्रक्रिया नहीं की जायेगी और उसकी पूरी जिम्मेदारी शिक्षार्थी की स्वयं की होगी।

नोट :-

- कार्यशाला स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम व परीक्षा का अभिन्न अंग है जिसमें शिक्षार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है।
- जो शिक्षार्थी सरकारी / गैर-सरकारी नौकरी करते हैं वह अपने संस्थान/ कार्यालय से कार्यशाला एवं प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु अवकाश लेना सुनिश्चित करें।
- किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कार्य दिवस में प्रातः 10:00 से सायं 5:00 तक गृह विज्ञान विभाग के नंबर पर संपर्क कर सकते हैं-

9927428363, 9758568764, 9927093103, 8979436816, 9720994878